IPL FOUNDATION

# NEWSLETTER

जुलाई 2024 से प्रकाशित

## मार्च , 2026

## सशक्त समाज, समृद्ध जीवन



**प्रस्तुतकर्ता :**

आईपीएल फाउंडेशन
इंडियन पोटाश लिमिटेड की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) इकाई

प्रथम तल, पोटाश भवन,
10-बी, राजेन्द्र पार्क,
पूसा रोड,
नई दिल्ली – 110060



TABLE OF
# CONTENT


| | |
|---|---|
| वरिष्ठ सलाहकार का संदेश | 1 |
| ढेंकनाल जिला महोत्सव 2026 में आईपीएल की सहभागिता | 2 |
| मिट्टी के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता द्वारा किसानों को सशक्त बनाना | 3 |
| उद्धव शिक्षा निकेतन, मेरठ में ओडिशी नृत्य कार्यशाला | 4 |
| रांची में अमृत इंटर्नशिप उन्मुखीकरण कार्यक्रम | 5 |
| धनबाद में अमृत इंटर्नशिप उन्मुखीकरण कार्यक्रम | 6 |
| क्षमता निर्माण कार्यक्रम से अमृत इंटर्न्स की क्षेत्रीय सहभागिता सशक्त | 7 |
| खुर्शेदपुरा, उत्तर प्रदेश में एकीकृत सीएसआर पहल | 8 |
| आईपीएल शुगर यूनिट, रोहाना में वन हेल्थ शिविर – ग्रामीण स्वास्थ्य और कल्याण की दिशा में सशक्त कदम | 9 |
| केंद्रीय बजट 2026-27 के प्रमुख बिंदु | 10 |
| सफलता की कहानी | 13 |
| मीडिया कवरेज | 14 |

**DR. RAJEEV RANJAN,** आईएएस (सेवानिवृत्त)
वरिष्ठ सलाहकार, आईपीएल फाउंडेशन




वर्ष 2026 की नई तिमाही में प्रवेश करते हुए, IPL Foundation देशभर के समुदायों में सार्थक और स्थायी प्रभाव उत्पन्न करने के अपने समर्पित प्रयासों को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। नव उत्साह और दृढ़ संकल्प के साथ, फाउंडेशन अपने प्रयासों के विस्तार तथा जीवन स्तर में सुधार और समावेशी विकास को बढ़ावा देने हेतु अपनी पहलों को और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

हमारे इस मार्च माह के द्विमासिक समाचार-पत्र के इस अंक में, हमें IPL तथा IPL फाउंडेशन के ग्रामीण समुदायों के सशक्तिकरण में निरंतर योगदान की प्रमुख प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है, जिसमें विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, युवा सहभागिता तथा सतत विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

पिछले दो महीनों में कई महत्वपूर्ण पहलें आयोजित की गईं, जिनमें आईपीएल फाउंडेशन और Viswa Bharti University के मध्य समझौता ज्ञापन (MoU) हस्ताक्षर समारोह, वन हेल्थ मेडिकल कैंप, किसान बैठकें तथा अमृत इंटर्नशिप ओरिएंटेशन कार्यक्रम शामिल हैं। हमारे इंटर्नशिप कार्यक्रमों और विभिन्न जन-संपर्क गतिविधियों के माध्यम से लगभग 2,600 युवाओं से जुड़ाव स्थापित किया गया तथा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, गुजरात, तमिलनाडु और राजस्थान में 2,27,000 से अधिक किसानों को लाभान्वित किया गया। ये प्रयास अमृत इंटर्न्स को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के साथ-साथ उनमें नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता की भावना को भी विकसित करते हैं।

समावेशी और सतत विकास की दिशा में अपनी यात्रा को आगे बढ़ाते हुए, हम अपनी साझेदारियों को और सुदृढ़ करने तथा समुदायों के साथ अपने जुड़ाव को और गहरा करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं, ताकि दीर्घकालिक सकारात्मक प्रभाव सुनिश्चित किया जा सके।

हमें अपने विशेष खंड “Employees’ Corner” को जारी रखते हुए भी प्रसन्नता हो रही है, जो हमारे टीम सदस्यों को अपने विचार, अनुभव और रचनात्मक अभिव्यक्तियाँ साझा करने का एक मंच प्रदान करता है। हम सभी को सक्रिय रूप से इसमें योगदान देने और इस साझा यात्रा का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। आगामी अंकों के लिए आपके सुझाव और विचार सदैव आमंत्रित हैं।

ये सभी उपलब्धियाँ हमारी टीम के अटूट समर्पण तथा इंडियन पोटाश लिमिटेड के निरंतर सहयोग का परिणाम हैं, जो हमारे प्रबंध निदेशक Dr. P. S. Gahlaut के दूरदर्शी नेतृत्व में संभव हो पाया है। हमारे मुख्य कृषि वैज्ञानिक Dr. U. S. Teotia, आईपीएल की विभिन्न इकाइयों के प्रमुखों तथा एजुकेशन सोसाइटी की टीम के प्रति भी उनके निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं, जो हमारे मिशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# ढेंकनाल जिला महोत्सव 2026 में आईपीएल की सहभागिता

इंडियन पोटाश लिमिटेड (आईपीएल) की शुगर यूनिट, ढेंकनाल ने 20 से 24 जनवरी 2026 तक पलिश्री मेला मैदान में जिला प्रशासन, ढेंकनाल द्वारा आयोजित "ढेंकनाल जिला महोत्सव" में सक्रिय रूप से सहभागिता की। इस अवसर पर आईपीएल ने किसानों के हित में संचालित अपनी विभिन्न पहलों एवं उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन किया।



महोत्सव के दौरान आईपीएल ने अपने प्रमुख उत्पादों जैसे चीनी, सोया तथा किसान मित्र गोल्ड (जैविक खाद) का प्रदर्शन एवं प्रचार-प्रसार किया गया। इसके अतिरिक्त डीएपी, एसएसपी, एमओपी, यूरिया, टीएसपी, एनपीके (16:16:16), एनपीएस (20:20:0:13), पॉलीहेलाइट तथा ट्राइकोडर्मा उर्वरकों के नमूने एवं जानकारीपरक सामग्री भी प्रदर्शित की गई। किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से सूचना-पत्रक एवं साहित्य का वितरण किया गया।

आईपीएल के स्टॉल पर अनेक गणमान्य अतिथियों का आगमन हुआ। श्री विकास कुमार चौधरी, महाप्रबंधक एवं यूनिट प्रमुख, आईपीएल ढेंकनाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें आईपीएल के उत्पादों एवं पहलों की विस्तृत जानकारी दी। आगंतुक विशिष्ट अतिथियों में माननीय सांसद श्री रुद्र नारायण पाणी, माननीय कैबिनेट मंत्री (खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता कल्याण तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी) श्री कृष्ण चंद्र पात्र, माननीय विधायक कामाख्यानगर श्री सत्रुघ्न जेना, माननीय विधायक हिंडोल श्रीमती सिमरानी नायक तथा कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, ढेंकनाल श्री ए. ई. पाटिल (आईएएस) शामिल थे।







ढेंकनाल जिला महोत्सव की झलकियाँ

गणमान्य अतिथियों ने किसानों तक पहुंच बनाकर आधुनिक एवं सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए आईपीएल के प्रयासों की सराहना की। यह सहभागिता किसानों को सशक्त बनाने तथा जमीनी स्तर पर अपनी उपस्थिति को और अधिक सुदृढ़ करने की आईपीएल की प्रतिबद्धता को पुनः रेखांकित करती है।

# मिट्टी के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता द्वारा किसानों को सशक्त बनाना




आईपीएल फाउंडेशन ने अपनी सतत कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहलों के अंतर्गत, ढेंकनाल शुगर यूनिट के सहयोग से 17 जनवरी 2026 को फैक्ट्री के केन फार्म में मृदा स्वास्थ्य विषय पर किसान जागरूकता शिविर का आयोजन किया। यह पहल पूर्व में सफलतापूर्वक आयोजित समग्र स्वास्थ्य शिविर एवं घरेलू पशु स्वास्थ्य शिविर के क्रम में की गई, जो मानव, पशु एवं मृदा कल्याण के प्रति फाउंडेशन के समन्वित दृष्टिकोण को दर्शाती है।

कार्यक्रम का संचालन एनजीओ सहयोगी 'मिशन रिकंस्ट्रक्शन' के माध्यम से किया गया, जिसने प्रमुख मृदा वैज्ञानिकों द्वारा विशेषज्ञ मार्गदर्शन सुनिश्चित किया। शिविर में विशिष्ट विशेषज्ञों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें डॉ. बिमलेंदु मोहंती, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) तथा डॉ. दिव्य सुंदर कर, वरिष्ठ वैज्ञानिक, केवीके ढेंकनाल शामिल थे। साथ ही श्री विकास कुमार चौधरी, महाप्रबंधक एवं यूनिट प्रमुख तथा श्री राज कुमार चौधरी, विभागाध्यक्ष–केन भी उपस्थित रहे।





किसान जागरूकता कार्यक्रम की झलकियाँ

जिले भर से आए किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मृदा परीक्षण, पोषक तत्व प्रबंधन तथा उत्पादकता एवं मृदा उर्वरता बढ़ाने हेतु सतत कृषि तकनीकों पर व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। किसानों को उनकी कृषि गतिविधियों में सहयोग हेतु किसान किट का भी वितरण किया गया।

कार्यक्रम को प्राप्त उत्साहजनक प्रतिक्रिया ने इसकी प्रासंगिकता को रेखांकित किया तथा ग्रामीण सशक्तिकरण और सतत कृषि को बढ़ावा देने के प्रति आईपीएल फाउंडेशन की प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित किया।






# उद्भव शिक्षा निकेतन, मेरठ में ओडिशी नृत्य कार्यशाला

छात्रों के समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अंतर्गत आईपीएल फाउंडेशन ने उद्भव शिक्षा निकेतन, साखोटी टांडा, मेरठ में दो दिवसीय ओडिशी नृत्य कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला सुश्री दिशा कन्नन, कार्यक्रम प्रबंधक, जो एक प्रशिक्षित ओडिशी नृत्यांगना भी हैं, इनके द्वारा संचालित की गई। इस अवसर पर सुश्री राखी कुमारी भी अग्रणी इंटर्न्स एवं छात्र कौशल विकास से संबंधित आधिकारिक संवाद हेतु उपस्थित रहीं।




कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को ओडिशी नृत्य की मूलभूत तकनीकों जैसे बुनियादी मुद्राएँ, पद संचालन, हस्त मुद्राएँ तथा भाव-अभिनय का प्रशिक्षण दिया गया। सुनियोजित अभ्यास एवं मार्गदर्शन के माध्यम से विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ सहभागिता की, उनका आत्मविश्वास बढ़ा तथा उन्हें भारत की समृद्ध शास्त्रीय नृत्य परंपरा से परिचित होने का अवसर मिला।





नृत्य कार्यशाला की झलकियाँ

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण सुश्री दिशा कन्नन द्वारा प्रस्तुत एक विशेष प्रदर्शन रहा, जिसने विद्यार्थियों को मंच प्रस्तुति एवं प्रदर्शन कौशल को समझने में सहायता की। इस प्रस्तुति की विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ द्वारा अत्यंत सराहना की गई।

कार्यक्रम का समापन प्रमाण-पत्र वितरण एवं विद्यार्थियों की प्रतिक्रियाओं के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने इस शिक्षाप्रद अनुभव के प्रति अपनी प्रसन्नता और आभार व्यक्त किया।





उद्भव शिक्षा निकेतन विद्यालय, साखोटी टांडा में प्रमाण-पत्र वितरण समारोह

यह पहल सांस्कृतिक शिक्षा को बढ़ावा देने, युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा सार्थक कौशल-विकास अवसरों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास को समर्थन देने के प्रति आईपीएल फाउंडेशन के सतत प्रयासों को दर्शाती है।

# रांची में अमृत इंटर्नशिप उन्मुखीकरण कार्यक्रम

आईपीएल फाउंडेशन ने कृषि तंत्र को सुदृढ़ करने तथा भावी कृषि पेशेवरों को सशक्त बनाने की अपनी कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) प्रतिबद्धता के अंतर्गत, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के सहयोग से 19 जनवरी 2025 को रांची में अमृत इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव (रावे) विद्यार्थियों के लिए एक उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया।



इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके औद्योगिक प्रशिक्षण तथा किसानों के साथ क्षेत्रीय सहभागिता के लिए तैयार करना था। विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने सतत कृषि विकास को समर्थन देने हेतु सटीक क्षेत्रीय आंकड़ों के संकलन एवं किसानों के साथ सार्थक संवाद के महत्व पर बल दिया।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. राजीव रंजन, वरिष्ठ सलाहकार, आईपीएल फाउंडेशन ने अकादमिक शिक्षा को जमीनी कृषि वास्तविकताओं से जोड़ने तथा किसान कल्याण में योगदान देने की कार्यक्रम की परिकल्पना को रेखांकित किया।












कार्यक्रम की झलकियाँ

उत्तम कृषि पद्धतियों, मृदा स्वास्थ्य, कीट प्रबंधन, फसल रोगों एवं सरकारी योजनाओं पर आयोजित विशेषज्ञ सत्रों ने विद्यार्थियों को व्यावहारिक एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की।

यह पहल क्षमता निर्माण, ज्ञान साझा करने तथा ऐसे युवा कृषि पेशेवरों के संवर्धन के प्रति आईपीएल की सतत प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो किसानों की आजीविका में सुधार तथा ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

# धनबाद में अमृत इंटर्नशिप उन्मुखीकरण कार्यक्रम

आईपीएल फाउंडेशन ने सतत कृषि को बढ़ावा देने तथा भावी कृषि पेशेवरों को सशक्त बनाने की अपनी परिकल्पना के अनुरूप, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के सहयोग से धनबाद जिले के लिए अमृत इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव (रावे) विद्यार्थियों हेतु उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम 20 जनवरी 2026 को रांची स्थित आरएसी ऑडिटोरियम, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ।



उद्घाटन सत्र में बीएयू एवं आईपीएल फाउंडेशन के वरिष्ठ अधिकारियों ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन एवं प्रेरणा प्रदान की। डॉ. राजीव रंजन, आईएएस (सेवानिवृत्त), वरिष्ठ सलाहकार, आईपीएल फाउंडेशन ने कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ करने में आईपीएल की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा सटीक एवं नैतिक डेटा संग्रहण के महत्व पर बल दिया, जो सूचित निर्णय-निर्माण एवं नीति निर्माण में सहायक होगा।









कार्यक्रम की झलकियाँ

तकनीकी सत्र में धनबाद जिले से संबंधित प्रमुख फसल रोगों, कीट प्रबंधन तथा उत्तम कृषि पद्धतियों पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किए गए। इन सत्रों ने विद्यार्थियों को क्षेत्र-आधारित आवश्यक ज्ञान एवं व्यावहारिक समझ प्रदान की, जिससे वे अपने फील्ड वर्क के दौरान अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें।







कार्यक्रम का समापन ब्लॉक आवंटन, पंजीकरण संबंधी मार्गदर्शन तथा संवादात्मक चर्चा के साथ हुआ, जिससे विद्यार्थी अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन हेतु पूर्णतः तैयार एवं आत्मविश्वास से परिपूर्ण हो सकें। यह पहल क्षमता निर्माण, ग्रामीण विकास तथा युवाओं की सक्रिय सहभागिता के माध्यम से कृषि तंत्र को सुदृढ़ करने के प्रति आईपीएल फाउंडेशन की सतत प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# क्षमता निर्माण कार्यक्रम से अमृत इंटर्न्स की क्षेत्रीय सहभागिता सशक्त

तमिलनाडु के एसआरएम कृषि विज्ञान कॉलेज (SRMCAS) ने आईपीएल फाउंडेशन के सहयोग से 31 जनवरी 2026 को अमृत इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत इंटर्न्स के लिए एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य इंटर्न्स के क्षेत्रीय अनुभवों का दस्तावेजीकरण करना और किसानों-केंद्रित चुनौतियों व व्यावहारिक समाधानों की उनकी समझ को बढ़ाना था।






इंटर्न्स क्षमता निर्माण कार्यक्रम

अमृत इंटर्नशिप कार्यक्रम पोस्टग्रेजुएट कृषि छात्रों को ग्राम स्तर पर सर्वेक्षण के माध्यम से सीधे ग्रामीण समुदायों से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है। इस सत्र में चेंगलपट्टू जिले के 50 एम.एससी. (कृषि एवं उद्यानिकी) इंटर्न्स ने अपने अनुभव साझा किए, अपनी सीख पर विचार किया और फील्डवर्क के दौरान देखी गई प्रमुख कृषि समस्याओं पर चर्चा की।

इंटर्न्स ने फसली प्रणालियों, किसानों के साथ संवाद और ग्रामीण आजीविका को समझने में प्राप्त महत्वपूर्ण अनुभव साझा किए। उन्होंने सीमित किसान जागरूकता, सिंचाई संबंधी बाधाएँ और डिजिटल कनेक्टिविटी की चुनौतियों जैसे मुद्दों को भी उजागर किया। तकनीकी सत्रों ने इंटर्न्स को व्यावहारिक सुझाव देने के लिए प्रेरित किया, जिनमें सिंचाई अवसंरचना को मजबूत करना, किसान उत्पादक संगठनों (FPOs) को प्रोत्साहित करना, योजनाओं की पहुँच को सरल बनाना और जागरूकता बढ़ाने के उपाय शामिल थे।






प्रशिक्षण कार्यक्रम की झलकियाँ

यह कार्यक्रम इंटर्न्स की विश्लेषणात्मक क्षमताओं को सुदृढ़ करने, डेटा संग्रह की गुणवत्ता में सुधार करने और उन्हें किसान पहुँच तथा ग्रामीण विकास प्रयासों में सार्थक योगदान देने के लिए तैयार करने में अत्यंत प्रभावी साबित हुआ।

# खुर्शेदपुरा, उत्तर प्रदेश में एकीकृत सीएसआर पहल

31 जनवरी 2026 को, आईपीएल फाउंडेशन ने आईपीएल कैटल फील्ड और डेयरी प्लांट, सिकंदराबाद तथा इसकी क्रियान्वयन एजेंसी राइज फाउंडेशन के सहयोग से खुरशैदपुरा स्कूल और नज़दीकी आंगनवाड़ी केंद्र में एक समेकित सीएसआर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य शैक्षिक अवसंरचना को सुदृढ़ करना और तकनीकी मार्गदर्शन के माध्यम से किसानों के ज्ञान को बढ़ाना था।



सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण आधारित सामुदायिक विकास परियोजना के तहत, आवश्यक शैक्षिक संसाधन जैसे बेंच, कुर्सियाँ, टेबल, स्टील अलमारी, छत पंखे, शिक्षण सामग्री, नोटबुक और खेल किट प्रदान किए गए। इस सहायता ने कक्षा की सुविधाओं, बैठने की व्यवस्था और स्कूल बच्चों एवं आंगनवाड़ी लाभार्थियों के समग्र शिक्षण वातावरण में सुधार किया है।







कार्यक्रम की झलकियाँ

एक बड़ा किसान तकनीकी सम्मेलन भी आयोजित किया गया, जिसमें 350 से अधिक किसान और लगभग 150 छात्र उपस्थित थे। कृषि विशेषज्ञों ने वैज्ञानिक बीज चयन, मृदा परीक्षण आधारित पोषक तत्व प्रबंधन, संतुलित उर्वरक उपयोग, कीट और रोग नियंत्रण, तथा कुशल जल उपयोग पर व्यावहारिक जानकारी साझा की। किसानों ने विशेषज्ञों के साथ सक्रिय संवाद किया और उत्पादकता बढ़ाने तथा लागत घटाने के उपाय प्राप्त किए।







इस पहल ने शिक्षा को सुदृढ़ करने और किसानों को सशक्त बनाने के माध्यम से दोहरी सकारात्मक छवि बनाई, जो सतत ग्रामीण विकास के प्रति आईपीएल फाउंडेशन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# आईपीएल शुगर यूनिट, रोहाना में वन हेल्थ शिविर – ग्रामीण स्वास्थ्य और कल्याण की दिशा में सशक्त कदम

आईपीएल फाउंडेशन ने 13–14 फरवरी 2026 को आईपीएल शुगर यूनिट, रोहाना कलां, मुजफ्फरनगर में दो दिवसीय वन हेल्थ मेडिकल कैंप का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य सतत ग्रामीण कल्याण के लिए मानव, पशु, मृदा और पौधों के स्वास्थ्य को एकीकृत दृष्टिकोण से देखना था।





आईपीएल शुगर यूनिट, रोहाना कलां में वन हेल्थ मेडिकल कैंप आयोजित

मानव स्वास्थ्य खंड के तहत 425 व्यक्तियों की गैर-संक्रामक रोगों के लिए जांच की गई। प्रमुख चिंताएँ जैसे प्री-हाइपरटेंशन, प्री-डायबिटीज और जीवनशैली संबंधित रोगों की पहचान की गई और लाभार्थियों को आहार, तनाव प्रबंधन और स्वस्थ जीवनशैली पर परामर्श दिया गया।

पशु स्वास्थ्य शिविर में कई गाय और भैंसों की जांच की गई, जहाँ मैस्टाइटिस और प्रजनन संबंधित समस्याओं का समाधान किया गया, साथ ही पशुपालन देखभाल और पोषण में सुधार के लिए मार्गदर्शन दिया गया।





स्वास्थ्य शिविर के दौरान रोगियों का मूल्यांकन करते विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम

मृदा और पौधों के स्वास्थ्य खंड में 41 मिट्टी के नमूनों का विश्लेषण किया गया, जिसमें कार्बन की कमी और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी पाई गई। किसानों को संतुलित उर्वरक प्रयोग, जैविक पदार्थ सम्मिलन और मृदा सुधार प्रथाओं के बारे में सलाह दी गई। विशेषज्ञों ने गन्ने में रेड रोट रोग और कीट संक्रमण पर भी प्रकाश डाला और रोग-प्रतिरोधक किस्में तथा वैज्ञानिक फसल प्रबंधन तकनीकों की सिफारिश की।

इस कैंप ने ग्रामीणों में मूल्यवान जागरूकता उत्पन्न की और एकीकृत वैज्ञानिक हस्तक्षेपों के माध्यम से समग्र ग्रामीण विकास के प्रति आईपीएल की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया।







## केंद्रीय बजट 2026-27 के प्रमुख बिंदु




केंद्रीय बजट 2026–27 में कृषि उत्पादकता बढ़ाने, ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने तथा सामाजिक क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाने हेतु कई परिवर्तनकारी पहलों की घोषणा की गई है। इन उपायों का उद्देश्य किसानों को सशक्त बनाना, वित्तीय सेवाओं तक उनकी पहुंच को सुदृढ़ करना तथा टिकाऊ और लचीली कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करना है।

### कृषि एवं किसान कल्याण

**भारत-विस्तार :** कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए एग्रीस्टैक एवं आईसीएआर की प्रथाओं को एकीकृत करने वाला एआई-संचालित कृषि परामर्श मंच।

**उच्च-मूल्य कृषि को बढ़ावा :** नारियल, चंदन, कोको एवं काजू के लिए समर्थन, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो।

**500 जलाशयों एवं अमृत सरोवरों का समेकित विकास :** सिंचाई एवं जल सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु।

**नारियल प्रोत्साहन योजना :** उत्पादन, उत्पादकता एवं मूल्य संवर्धन बढ़ाने हेतु।

### शिक्षा एवं कौशल विकास

**शिक्षा से रोजगार एवं उद्यमिता समिति :** शिक्षा, कौशल और रोजगार के अवसरों के बीच बेहतर समन्वय को सुदृढ़ करने हेतु।

**हर जिले में बालिका छात्रावास :** युवा महिलाओं की उच्च शिक्षा तक पहुंच को बेहतर बनाने के लिए।

**सहायक स्वास्थ्य संस्थानों का विस्तार :** स्वास्थ्य कौशल तंत्र को सुदृढ़ करने तथा रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए

**5 विश्वविद्यालय टाउनशिप :** प्रमुख औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर के निकट स्थापित की जाएंगी, ताकि उद्योग और अकादमिक संस्थानों के बीच समन्वय एवं सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके।

**15,000 विद्यालयों एवं 500 महाविद्यालयों में एवीजीसी (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग एवं कॉमिक्स) लैब्स की स्थापना :** रचनात्मक अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने हेतु एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स में कौशल विकास को बढ़ावा दिया जाएगा।

**पर्यटन एवं विरासत कौशल कार्यक्रम :** पर्यटन क्षेत्र में युवाओं के रोजगार को बढ़ावा देने हेतु गाइड प्रशिक्षण और आतिथ्य शिक्षा सहित विभिन्न पहलें।

## स्वास्थ्य एवं कल्याण

**बायोफार्मा शक्ति :** भारत को वैश्विक बायोफार्मा विनिर्माण केंद्र बनाने हेतु 10,000 करोड़ रुपये का प्रावधान।

**मानसिक स्वास्थ्य:** उत्तर भारत में निम्हांस-2 की स्थापना तथा मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच का विस्तार करने हेतु रांची और तेजपुर में उन्नयन।

**मेडिकल हब :** उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं और मेडिकल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 5 क्षेत्रीय मेडिकल हब स्थापित किए जाएंगे।

**क्लिनिकल ट्रायल्स एवं एनआईपीईआर :** फार्मा अनुसंधान को सुदृढ़ करने और कुशल जनशक्ति विकसित करने के लिए 1000 से अधिक ट्रायल साइट्स तथा एनआईपीईआर संस्थानों का विस्तार।

**स्वास्थ्य कार्यबल:** अग्रिम पंक्ति की देखभाल को सुदृढ़ करने के लिए अगले 5 वर्षों में 1 लाख सहायक स्वास्थ्य पेशेवरों को शामिल किया जाएगा।

**समग्र और पारंपरिक चिकित्सा को सुदृढ़ करने के लिए 3 नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान स्थापित किए जाएंगे।**

## ग्रामीण विकास एवं आजीविका

**महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल:** खादी, हथकरघा और हस्तशिल्प आधारित ग्रामीण आजीविकाओं को सशक्त बनाने के लिए।

**20,000+ पशु चिकित्सा पेशेवर:** पशु स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने और पशुपालन आधारित आय को सुदृढ़ करने के लिए।

**ई-बसें और पर्यटन विकास:** पूर्वोदय एवं पूर्वोत्तर राज्यों में कनेक्टिविटी सुधारने और स्थानीय रोजगार सृजित करने के लिए।

**दिव्यांगजन कौशल योजना:** आईटी, एवीजीसी और आतिथ्य (हॉस्पिटैलिटी) क्षेत्रों में कौशल विकास और रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने के लिए।

## पर्यावरण, सतत विकास और कनेक्टिविटी

**तटीय माल ढुलाई संवर्धन योजना:** सड़क और रेल से माल ढुलाई को जलमार्गों पर स्थानांतरित करने के लिए, जिससे लॉजिस्टिक्स लागत और कार्बन उत्सर्जन में कमी आए।

**रेयर अर्थ कॉरिडोर:** हरित प्रौद्योगिकियों और उन्नत विनिर्माण के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुदृढ़ करना।

**20 नई राष्ट्रीय जलमार्ग:** आंतरिक जल संपर्क, ग्रामीण लॉजिस्टिक्स सुधारने और स्थानीय आजीविका के अवसर सृजित करने के लिए।

**CCUS के लिए 20,000 करोड़:** दीर्घकालीन जलवायु कार्रवाई को समर्थन देने के लिए कार्बन कैप्चर, उपयोग और संग्रहण (Carbon Capture, Utilisation and Storage) तकनीकों को मजबूत बढ़ावा।

**स्वास्थ्य हब / स्वच्छ ऊर्जा निर्माण के लिए समर्थन:** ऊर्जा संक्रमण के लिए सौर कांच और बैटरी इकोसिस्टम के घरेलू निर्माण को बढ़ावा देना।

**हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर:** प्रमुख विकास केंद्रों के बीच कम कार्बन उत्सर्जन और पर्यावरणीय रूप से सतत यात्री गतिशीलता को बढ़ावा देना।

## अन्य महत्वपूर्ण मुख्य बिंदु

**₹12.2 लाख करोड़ का अवसंरचना प्रोत्साहन:** विकास को गति देने के लिए सड़कों, रेलवे, लॉजिस्टिक्स और सार्वजनिक संपत्तियों में प्रमुख निवेश।

**उद्योगिक प्रोत्साहन:** घरेलू उत्पादन को सुदृढ़ करने के लिए सेमीकंडक्टर, वस्त्र, रसायन और पूंजीगत वस्तुओं के लिए मजबूत समर्थन।

**सिटी इकोनॉमिक रीजन (CERs):** क्षेत्रीय विकास और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नियोजित शहरी विकास केंद्र।

**कर सुधार:** अनुपालन को सरल बनाने और जीवन यापन तथा व्यवसाय संचालन को आसान बनाने के उपाय।

**₹10,000 करोड़ का एसएमई ग्रोथ फंड:** उच्च क्षमता वाले एमएसएमई को प्रोत्साहित करने और भविष्य के उद्योग चैंपियंस तैयार करने के लिए।

**वैश्विक निवेश प्रोत्साहन:** विदेशी निवेश को आकर्षित करने और भारत को डेटा सेंटर हब के रूप में विकसित करने के लिए प्रोत्साहन।

## सफलता की कहानी

### राज्य स्तरीय रैंक प्राप्त कर उत्कर्ष खोखर ने आईपीएल का नाम रोशन किया



जेईई मेन्स में यूपी टॉपर बने बड़ौत के उत्कर्ष

संवाद न्यूज एजेंसी

बागपत। जेईई मेन्स में बड़ौत के उत्कर्ष ने यूपी टॉप किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश में पहला तो देश में 13वां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। वह सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहते हैं।

बड़ौत की प्रवेंद्र कॉलोनी निवासी दीपेंद्र कुमार खोखर मेरठ की सकौती चीनी मिल में जीएम हैं। बेटा उत्कर्ष लूंब गांव के एलपाइन पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं का छात्र है, जो 12वीं की पढ़ाई के साथ ... था। मंगलवार को परिणाम जारी ... कर दिया और देश में 13वां स्थान

परिवार के साथ उत्कर्ष।

10वीं में किया था जिला टॉप

उत्कर्ष ने सीबीएसई बोर्ड से वर्ष 2024 में 10वीं कक्षा में जिला टॉप किया था और उनका बचपन से ही सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनने का सपना है। अब यूपी टॉप करने के बाद सपना पूरा होता नजर आ रहा है।

घंटों के बजाय चैप्टर तय किए

अपनी मेन्स परीक्षा में घड़ी घंटों को गिनने के बजाय विषयवार चैप्टर पढ़े। इससे समय का बोझ नहीं हुआ और सभी चीजें कवर भी हुईं। परिणाम संतोषजनक है।

टाइम टेबल बनाकर की पढ़ाई

उत्कर्ष ने बताया कि अभी 12वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहा हूं। जेईई मेन्स के दौरान हर दिन सात से आठ घंटे पढ़ाई की। परिणाम ये रहा कि 99.99 पर्सेंटाइल अंक मिले। समय का सदुपयोग किया। स्कूल के बाद घर में टाइम टेबल के मुताबिक, पढ़ाई करता था। आईआईटी दिल्ली से कंप्यूटर साइंस से बीटेक करना चाहता हूं।

प्रधान प्रबंधक के बेटे ने लहराया कामयाबी का परचम

मेरठ/बागपत। खुद पर हो विश्वास तो क्या कुछ नहीं किया जा सकता। बस कड़ी मेहनत और जज्बा कम न हो। सकौती चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक दीपेंद्र खोखर के बेटे उत्कर्ष ने भी ऐसा ही कुछ कर दिखाया है। कक्षा 12वीं की पढ़ाई के साथ उत्कर्ष ने जनवरी महीने की जेईई मेन की परीक्षा में यूपी टॉप कर अपनी कामयाबी का परचम लहराया। बागपत जिले के लूंब गांव निवासी दीपेंद्र खोखर वर्तमान में सकौती स्थित आईपीएल चीनी मिल में प्रधान प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। उनकी पत्नी गीता बड़ौत स्थित जनता वैदिक कॉलेज में शिक्षिका हैं। बेटी ईशा दिल्ली स्थित एक इंस्टीट्यूट से एमबीए की पढ़ाई कर रही है। बेटा उत्कर्ष इस बार इंटर की परीक्षा देंगे। दीपेंद्र खोखर ने बताया कि बचपन से ही बेटे को पढ़ाई का शौक है। बेटे ने इस बार जनवरी माह में होने वाली जेईई मेन परीक्षा के लिए फार्म भर दिया। साथ ही ऑनलाइन परीक्षा की तैयारी की। बताया कि सोमवार को जब परीक्षा परिणाम आया तो परिवार खुशी से झूम उठा। बेटे ने यूपी टॉप कर परिवार का नाम रोशन किया। उनकी इस सफलता पर कॉलेज के शिक्षकों, परिजनों, रिश्तेदारों, पड़ोसियों ने बधाई दी।

दो महत्वपूर्ण परीक्षा की एक साथ तैयारी :उत्कर्ष शुरू से ही पढ़ाई में होनहार है। पिता के अनुसार इंटर की बोर्ड परीक्षा की तैयारी के साथ जेईई मेन की तैयारी उसके लिए चुनौती थी लेकिन बेटे ने दोनों की तैयारी के लिए समय सारिणी बनाई और उसी के अनुसार पढ़ाई शुरू की। पहली परीक्षा में उसने शानदार सफलता हासिल की, अब इंटर की परीक्षा की बारी है। संवाद

हमें यह साझा करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि आईपीएल शुगर यूनिट, साखोटी टांडा, मेरठ के महाप्रबंधक श्री दीपेंद्र कुमार खोखर के सुपुत्र उत्कर्ष खोखर ने जेईई मेन्स परीक्षा में उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान तथा अखिल भारतीय स्तर पर 13वीं रैंक प्राप्त की है।

उनकी यह उल्लेखनीय उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, समर्पण और उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रतीक है, जिसने न केवल उनके परिवार बल्कि संपूर्ण आईपीएल परिवार को भी गौरवान्वित किया है।

हम उत्कर्ष को हार्दिक बधाई देते हैं तथा उनके उज्ज्वल और सफल भविष्य की कामना करते हैं।

### आईपीएल परिवार के लिए गर्व का क्षण



हमें यह साझा करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि आईपीएल शुगर यूनिट, सिसवा बाज़ार में उत्पादन विभागाध्यक्ष (एचओडी – प्रोडक्शन) श्री राज कुमार की सुपुत्री सुश्री नेहा का चयन सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में प्रॉबेशनरी ऑफिसर के पद पर हुआ है।

यह महत्वपूर्ण उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि हम सभी इंडियन पोटाश लिमिटेड परिवार के लिए भी गर्व का विषय है। उनकी सफलता समर्पण, धैर्य और उत्कृष्टता जैसे उन मूल्यों को प्रतिबिंबित करती है, जो हमारे संगठनात्मक समुदाय को प्रेरित करते हैं।

हम सुश्री नेहा को हार्दिक बधाई देते हैं तथा उनके उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की कामना करते हैं।

### आईपीएल आईसीआरओ अमृत इंटर्न्स ने राष्ट्रीय सम्मेलन में शानदार प्रदर्शन किया







हमें यह साझा करते हुए अत्यंत गर्व हो रहा है कि आईपीएल आईसीआरओ अमृत इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत दो समर्पित इंटर्न्स ने नागपुर में आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिष्ठित ग्रेगरी अवॉर्ड (मौखिक प्रस्तुति) में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

सिधो-कान्हो-बिरसा विश्वविद्यालय (एसकेबीयू), पुरुलिया से संबंधित इन इंटर्न्स ने देश के प्रमुख संस्थानों के प्रतिभागियों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए उत्कृष्ट शोध एवं प्रस्तुति कौशल का प्रदर्शन किया। उनकी यह उपलब्धि युवा प्रतिभाओं को सार्थक औद्योगिक अनुभव और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए आईपीएल के प्रयासों की सफलता को दर्शाती है।

हम उन्हें इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हैं और उनके उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की कामना करते हैं।

